नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
# महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी
स्थापित 2005 ई.
मो. 7897475917, 9794299451
Website : www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक............................... . दिनांक : 18.12.2021

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयन्ती वर्ष के अंतर्गत बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में दिनांक 18.12.2021 को पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पर्यावरण जागरूकता रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर बी.एड्. विभाग द्वारा गोद लिए ग्राम मंझरिया तक गयी। रैली में बी.एड्. विभाग के छात्राध्यापकों द्वारा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए स्लोगन लिखी तख्तियां, पोस्टर व बैनर के माध्यम से जानकारी दी गयी। इस दौरान ग्राम वासियों को पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के बारे में बताया गया। रैली के माध्यम से लगातार पेड़ों की कटाई से ग्लोबल वार्मिंग जलवायु परिवर्तन जैसी होने वाली गंभीर समस्या से अवगत कराया गया। पर्यावरण की रक्षा, दुनिया की सुरक्षा। पर्यावरण का रखें ध्यान, तभी बनेगा देश महान। पर्यावरण है सबकी जान, सदा करो इसका सम्मान। हमें भविष्य में जीवन को बचाए रखने के लिए पर्यावरण की सुरक्षा को सुनिश्चित करना होगा आदि नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस रैली में बी.एड्. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कुल 82 छात्राध्यापक सहित विभाग के सभी शिक्षकों ने सहभाग किया।

इसी क्रम में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा **'जैविक कृषि'** विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक, गुरु श्रीगोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र, चौक माफी के **डॉ. संदीप सिंह** ने बताया कि वर्तमान समय में पांच 'ज' जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। **जल, जमीन, जंगल, जीवाणु, जैविक खेती**। कृत्रिम उर्वरक व कीटनाशक के अप्रयोग या न्यूनतम प्रयोग पर जैविक खेती आधारित होती है। यह जमीन की उर्वराशक्ति को बनाए रखने के लिए फसल चक्र, हरी खाद, कंपोस्ट, जैव कीटनाशक का प्रयोग करता है। जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर आधारित (50 एकड़) योजना सरकार द्वारा चलाई जा रही है, जिसमें प्रति क्लस्टर 10 लाख की अनुदान व्यवस्था है। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश को जैविक खेती हब बनाने हेतु प्रथम चरण में 63 जिलों में 68 हजार हेक्टेयर का लक्ष्य रखा है। भारत में 40 लाख हेक्टेयर जमीन पर जैविक खेती होती है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अखिलेश गुप्त ने किया तथा अध्यक्षता डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने की।

मो. 7897475917, 9794299451
Website : www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

इसी क्रम में समाजशास्त्र विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त व्याख्यान प्रतियोगिता में कुल 24 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान पर बी.ए. द्वितीय वर्ष के अभिषेक यादव, द्वितीय स्थान पर बी.ए. द्वितीय वर्ष के ज्ञानेंद्र पाण्डेय, तथा तृतीय स्थान पर बी.ए. द्वितीय वर्ष के सौरभ कुमार रहे। बी.ए. तृतीय वर्ष के अंकिता चौधरी, दुर्गेश पाल ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

इससे पूर्व प्रातः प्रार्थना सभा के अंतर्गत महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विषय के प्रभारी **डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल** द्वारा शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया।

SKmishra

**सुबोध कुमार मिश्र**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी